मेरा तो ये खाटू वाला लगता रिश्तेदार भजन लिरिक्स

मेरा तो ये खाटू वाला,
लगता रिश्तेदार,
वरना क्यों ये साथ निभाता,
करता हमसे प्यार,
खाटू ही घर है मेरा,
श्याम जहाँ तेरा बसेरा।**bd।**

तर्ज – स्वर्ग से सुन्दर।

दु:ख और सुख में प्यारे,
आपको मनाऊं,
दिल की ये बातें सारी,
आपको सुनाऊं,
कोई भी फैसला लेने से पहले,
पूछूं बारम्बार,
वरना क्यों ये साथ निभाता,
करता हमसे प्यार,
खाटू ही घर है मेरा,
श्याम जहाँ तेरा बसेरा।**bd।**

आप जैसा कोई नहीं,
है घर में मेरे,
हार के आया बाबा,
पास में तेरे,
मेरे जीवन का तो प्यारे,
आप ही हो आधार,
वरना क्यों ये साथ निभाता,
करता हमसे प्यार,
खाटू ही घर है मेरा,
श्याम जहाँ तेरा बसेरा।**bd।**

जब भी मेरा मन करे मैं,
दर तेरे आऊं,
क्यूंकि वो घर भी मेरा,
हक़ से बताऊँ,
श्याम उमंग संग रहते घर में,
बने जैसे भी किराये,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

वरना क्यों ये साथ निभाता,
करता हमसे प्यार,
खाटू ही घर है मेरा,
श्याम जहाँ तेरा बसेरा।bd।

मेरा तो ये खाटू वाला,
लगता रिश्तेदार,
वरना क्यों ये साथ निभाता,
करता हमसे प्यार,
खाटू ही घर है मेरा,
श्याम जहाँ तेरा बसेरा।bd।

Singer – Akhil Garg

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com